फ्री मेडिकल कैंप में 976 मरीजों की जांच

अम्बाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी और श्यामो देवी मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया शिविर

भास्कर न्यूज | अम्बाला सिटी

अम्बाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी एवं श्यामो देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घेल कलां में जिला स्वास्थ्य विभाग, मुलाना मेडिकल कालेज तथा निजी डाक्टरों के सहयोग से फ्री मेडिकल कैंप लगाया। इस दौरान डाक्टरों ने 976 मरीजों की जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पीसी शर्मा व उनकी टीम ने 478 लोगों की आंखों का चेकअप किया जिनमें से मोतिया बिंद के 55 रोगियों के ऑपरेशन सोसायटी की ओर से डा. शर्मा के अस्पताल में मुफ्त किए जाएंगे। शिविर में आए ऐसे 280 लोगों को सोसायटी की ओर से मुफ्त चश्मे भी प्रदान किए गए। दंत रोग विशेषज्ञ डा. सत्री सिंह आहलूवालिया की टीम ने अपने मोबाइल डेंटल वैन में 120 लोगों के दांतों की जांच की। मुलाना मेडिकल कालेज से आए नाक, कान, गला विशेषज्ञ डा. सनाह, बाल रोग विशेषज्ञ गुरदीप सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ निधि, सामान्य सर्जन डा. सचिन सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ रविंद्र सिंह, सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. वीके अग्रवाल एवं डा. विवेक, सिविल अस्पताल के मनोचिकित्सक डा. केएस राणा ने मरीजों की जांच की। वहीं नशा मुक्ति केंद्र में 20 रोगियों की जांच की गई। शिविर में 120 से अधिक रोगियों के खून, पेशाब की जांच, 40 रोगियों की क्षय रोग तथा 8 लोगों की ईसीजी भी मुलाना से आए रेडियोलॉजिस्ट लालचंद द्वारा की गई। शिविर का उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा ने किया।

शक्ति रानी शर्मा घेल कलां गांव में लगे मेडिकल कैंप में डाक्टरों से बातचीत करते हुए।

455 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ

अम्बाला | रविवार को पल्लेदार मोहल्ले स्थित महावीर सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्त्री रोग, दंत रोग, आंखें व अन्य रोगों की निशुल्क जांच की गई। शिविर में गरीब लोगों को मुफ्त चश्मे व लैंस दिए गए। डाक्टर एसडी शर्मा ने बताया कि कैंप में अधिकतर आखों की समस्या को लेकर मरीज आए। वहीं डा. जसजीत सिंह के मुताबिक दांतों के मरीजों में अधिकतर पिक्स टीथ शिकायत थी। इस दौरान 455 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया व 70 ने लैब टैस्ट करवाए। जरूरत मंद मरीजों को मुफ्त चश्मे व लैंस भी लगाए गए। लोकल मैनेजर जगदीश कक्कड़ ने बताया कि डिस्पेंसरी में मात्र दस रुपए की फीस देकर दो दिनों की दवाई भी मुफ्त दी जाएगी। जसजीत सिंह, डा मुक्त आनंद, डा एस डी शर्मा, डा राकेश गर्ग, डा चरणजीत, डा अजय राणा, जगदीश कक्कड़, राजीव वधावन, ओम प्रकाश, इंद्रजीत गुगलानी का मुख्य सहयोग रहा।

कैंट के पल्लेदार मोहल्ले में फ्री चैकअप कैंप में आंखों की जांच कराते मरीज।